दिनांक–**25 नवंबर** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री गुरू नानक देव जी की जयंती पर लखनऊ के गुरूद्वारे में टेका मत्था। कहा– सिख गुरुजनों की पवित्र शिक्षाओं को अपने जीवन में करें आत्मसात।
- देव दीपावली पर 11 लाख दीपों से रोशन हुए वाराणसी के घाट। पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री ने लखनऊ विकास प्राधिकरण की सीमा का विस्तार पूरे लखनऊ जनपद में करने पर दिया बल। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के कार्यों की समीक्षा में दिए निर्देश।
- यमुना एक्सप्रेस–वे पर हल्के वाहनों की घटाई गई गति सीमा। सर्दियों में कोहरे और धुंध के दौरान होने वाले सड़क हादसों के दृष्टिगत लिया गया फैसला।

****

सिख पंथ के संस्थापक और प्रथम गुरु, गुरु नानक देव जी का 557वां पावन प्रकाश पर्व कल प्रदेशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के नाका गुरुद्वारे में माथा टेका। इसके बाद डीएवी पीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में श्री योगी ने कहा कि सिख गुरुजनों की पवित्र शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करना हम सब का दायित्व है।

जब तक भारत सिख गुरुओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखेगा, दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल बांका नहीं कर पाएगी। हम इसे अपने जीवन में आचरीत भी करें। इन सिख गुरुओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखें। अवश्य हमें कुछ नया देखने को मिलेगा। जो गुरु नानक देव जी महाराज ने कहा, जो अन्य सिख गुरुओं ने जो प्रेरणा दी है, जो प्रकाश हमें दिया है, हम सब उसको अपने जीवन में आत्मसात कर सकें।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ लखनऊ के याहियागंज स्थित गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में माथा टेका और अरदास की। प्रकाश पर्व पर लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में प्रभात फेरियां भी निकाली गईं।

****

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कल वाराणसी में देव दीपावली का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। दीपों की रोशनी और भव्य सजावट ने काशी की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत की अनुपम छवि प्रस्तुत की। एक रिपोर्ट–

काशी के नमो घाट पर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दीप जलाकर दीपोत्सव की शुरुआत की। इसके साथ ही काशी के सभी 84 घाटों पर करीब 11 लाख दीप जलाये गये और गंगा आरती की गई। इस भव्य और दिव्य आयोजन का साक्षी बनने के लिए देश–विदेश से लाखों श्रद्धालु काशी पहुंचे हैं। चेत सिंह किले पर 3 डी प्रोजेक्शन और लेजर शो के जरिए भगवान शिव की महिमा और काशी की सांस्कृतिक विरासत दिखाई गई साथी 2100 स्वदेशी ड्रोन का भी भव्य प्रदर्शन हुआ। देव दीपावली पर पुष्कर तालाब में काशी की महान विभूतियों की स्मृति में 2100 दीप प्रज्ज्वलित किए गए। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के घाट के साथ ही अन्य शहरों में भी प्रमुख नदियों के किनारे दीपोत्सव का आयोजन किया गया। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।

****

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कल भोर से ही प्रदेश की पवित्र नदियों में श्रद्धालुओं ने स्नान कर प्रमुख मंदिरों में पूजा अर्चना की। वाराणसी, प्रयागराज के संगम, हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर, गोरखपुर, चित्रकूट और अयोध्या सहित विभिन्न जिलों में घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर दान किया और प्रमुख मंदिरों में दर्शन पूजन किया। देव दीपावली पर गंगा, यमुना और सरयू के घाटों को दियों से सजाया गया।

****

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कल कानपुर देहात के मूसानगर में आयोजित धार्मिक कथा और सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में गुंडागर्दी, माफियाराज और दंगाइयों के लिए कोई जगह नहीं है, सरकार गरीब कल्याण, विकास और महिला सशक्तिकरण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। इस दौरान श्री मौर्य ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।

****

लखनऊ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और यूपी एसटीएफ की संयुक्त टीम ने राजधानी के दुबग्गा क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध रूप से प्रतिबन्धित ऑक्सीटोसिन औषधि, इंजेक्शन के निर्माण, भंडारण और बिक्री के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान दो करोड़ से अधिक कीमत की प्रतिबन्धित ऑक्सीटोसिन बरामद की और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे ऑक्सीटोसिन पाउडर में नमक, पानी और फिनायल मिलाकर अवैध रूप से ऑक्सीटोसिन तैयार करते थे, फिर उसकी पैकिंग कर बिक्री करते थे।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। एक रिपोर्ट–

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लखनऊ के सुनियोजित एवं समग्र विकास के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण की सीमा का विस्तार कर सम्पूर्ण लखनऊ जनपद को इसके दायरे में लाने की आवश्यकता है। उन्होंने लखनऊ से सटे बाराबंकी में भी तेजी से बढ़ते शहरी विस्तार, औद्योगिक गतिविधियों और आवासीय दबाव को देखते हुए नए विकास प्राधिकरण के गठन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राजधानी के निकट होने के कारण बाराबंकी में भूमि उपयोग और निर्माण गतिविधियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेस–वे कॉरिडोर पर चल रहे विकास कार्यों को उन्नाव–शुक्लागंज विकास प्राधिकरण में शामिल करने, गाजियाबाद में अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। समाचार कक्ष से विवेक सिंह

****

सर्दियों में कोहरे और धुंध के कारण होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए यमुना एक्सप्रेस–वे पर वाहनों की गति सीमा घटा दी गई है। आज से हल्के वाहन अधिकतम 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकेंगे। अभी तक इनके लिए अधिकतम गति सीमा 100 किलोमीटर प्रति घंटा थी। वहीं, भारी वाहनों के लिए पहले की तरह 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति सीमा लागू रहेगी। यह व्यवस्था 15 फरवरी 2027 तक प्रभावी रहेगी। यमुना प्राधिकरण के सीईओ आर.के. सिंह ने बताया कि वाहन चालकों की सुरक्षा को देखते हुए हल्के वाहनों की गति सीमा 75 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि निर्धारित गति सीमा का पालन करें और कोहरे के दौरान विशेष सतर्कता बरतें।

****

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कल गौतमबुद्धनगर में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2027 के तहत चल रहे मतदाता पंजीकरण अभियान की समीक्षा की। इस अवसर पर श्री रिणवा ने अधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के निर्देश दिए।

गौतम बुद्ध नगर जिले में आके यहाँ के सभी इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स, यहाँ के सभी असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स, डिप्टी डीईओ इनके साथ बैठके अभी तक जो एसएसआर में 6 दिन के कार्यों की समीक्षा की गई। 17 नवंबर को हमारा ड्राफ्ट रोल पब्लिश हुआ था। 17, 18, 19, 20 और फिर 21 और 22 को विशेष दिवस थे। इन 6 दिनों में कितने संख्या में फॉर्म 6 भरे गए हैं वोटरों का नाम जुड़वाने के लिए, इसकी समीक्षा की गई केवल 23 दिन बचे हैं हमारे 16 दिसंबर तक और इन्हीं 23 दिनों में हमें हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचना है, उसको फॉर्म 6 भरवाना है ताकि हमारे जो कोशिश है, जो हमारी ध्येय वाक्य है कि कोई भी मतदाता न छूटे, उसको हम चरितार्थ कर सकें।

****

बिजनौर के नांगल क्षेत्र में कल कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान करने गए चार लोग गहरे पानी में डूब गए, जिसमें से एक किशोरी को बचा लिया गया, जबकि एक महिला और दो बच्चे अभी भी लापता है। उनकी तलाश के लिए पुलिस और गोताखारों की टीमें लगी हुई है।

****

कन्नौज के ठठिया थाना क्षेत्र में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस वे पर कल हुए सड़क हादसे में चार छात्रों की मौत हो गई, जबकि 35 अन्य घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई हैं, जिन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया है। यह दुर्घटना उस समय हुई, जब बस में सवार छात्र आगरा से शैक्षणिक भ्रमण कर कौशांबी लौट रहे थे, तभी रास्ते में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बस में सामने से टक्कर मार दी। बस में सवार 60 छात्र कौशांबी के सिराथू क्षेत्र के एक स्कूल के विद्यार्थी हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायल बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

****